**उ0प्र0 विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न संख्या-2 का उत्तर-**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **अल्पसूचित प्रश्न संख्या-2** | |
| (क) क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि मानवेन्द्र सिंह सदस्य विधान परिषद् का पत्रांक संख्या-996 दिनांक 03 अगस्त, 2023 को प्रेषित पत्र का उत्तर मंत्री द्वारा सदस्य को दिनांक 21.11.2023 को प्रेषित किया गया है? | जी नहीं।<br>मा0 सभापति, विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश के पत्रांक-996/सभा.वि.प. दिनांक 03 अगस्त, 2023 के माध्यम से श्री संग्राम सिंह, प्रधान सहायक, उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कानपुर का जनपद महोबा में किया गया स्थानान्तरण निरस्त करने की अपेक्षा की गयी थी। मा0 सभापति जी द्वारा की गयी अपेक्षा के समादर में निदेशक, उच्च शिक्षा को प्रश्नगत प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के क्रम में निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रयागराज के पत्र संख्या-डिग्री सेवा/3043-3222/2024-25, दिनांक 29.06.2024 द्वारा श्री संग्राम सिंह, प्रधान सहायक, वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महोबा का स्थानान्तरण पुनः क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर में कर दिया गया है। |
| (ख) प्रेषित उक्त पत्र में अंकित शब्दावली क्या निर्धारित संसदीय प्रोटोकॉल के अनुरूप है? | प्रश्नगत प्रकरण में मा0 सभापति जी के पत्रांक-996/सभा.वि.प. दिनांक 03 अगस्त, 2023 के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 21.11.2023 को कोई पत्र नहीं प्रेषित किया गया था। |
| (ग) क्या सदस्य को प्रेषित उक्त पत्र की प्रति सदन की मेज पर रखेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार। |

**योगेन्द्र उपाध्याय**
मंत्री।